# संसार को एक छोटा स्थान बनाना.......

नमस्ते, मेरा नाम Susan Buckley है और मैं डबलिन, आयरलैंड में रहनेवाली एक अयाजक मरियानिष्ट हूँ। मैं Our Lady of the Round Table, का लगभग 15 सालों तक पूर्ण रूप से अयाजक मरियानिष्ट समुदाय की सदस्या हूँ।



मेरे समुदाय के सदस्य 4 महाद्वीपों पर रहते हैं। जिसके कारण हमारे मरियानिष्ट के साथ संपर्क, और हमारे मरियानिष्ट के साथ गहरा संबंध, हमें एक–दूसरे की संस्कृति और एक–दूसरे के जीवन के बारे में जानने का सौभाग्य प्रदान करते हैं।

पिछले 4 साल से हम जूम (Zoom) के माध्यम से महीने में एक बार मिलते हैं। इसलिए जब कोविड–19 ने हमारी दुनिया को रोकने की कोशिश की, तो जूम(Zoom) एक ऐसा माध्यम बन गया, खासकर हमारी प्रतिदिन की जिंदगी अधिक निर्भर करने लगी।

महामारी सभी के लिए कठिन रही है, लेकिन मेरे लिए विशेष मरियानिष्ट सभाओं, कार्यशालाओं: विश्व प्रार्थना दिवस, तथा मरियानिष्ट परिवार की जानकारी, माता मरियम का धर्मस्थलः कार्यशाला इत्यादि में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। और यहाँ आयरलैंड में कई चर्च महीनों तक बंद रहा, मैं दुनिया के किसी भी हिस्से में वेब कैमरा या फेसबुक लाइव द्वारा मिस्सा में शामिल हो सकती थी। इस अवसर पर मैं Cupertino में ब्रदरों के साथ या San Antonio में पवित्र माला पैरिश में शामिल हुई।

इस वर्ष पिछले अगस्त में विशेष अयाजक मरियानिष्ट सभाओं में भाग लेना मेरे लिए मुख्य आकर्षण था। जैसा कि मैं डबलिन में अपने घर में बैठकर, मैं यू.एस. में साथी अयाजक मरियानिष्ट के साथ भाग लेकर, मैंनें निश्चित रूप से अपने आप को परिवार का हिस्सा के रूप में महसूस किया।


सामुहिक मरियानिष्ट मनन–चिंतन वर्ष में कुछ ज्यादा ही सकारात्मक था जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। हमारी मुख्य बहनों की समुदाय दोपहर में (जूम) पर मिले, इसलिए मैं इसमें शामिल हो सकी, (आयरलैंड के 5/6 घंटे आगे होने से कोई अंतर नही होता)। और Kansas में फसल काटनेवाली महिला समुदाय के साथ हमारा संयुक्त जूम के माध्यम से बातचीत, तथा हमारी मरियानिष्ठ यात्रा, अतीत, वर्तमान और भविष्य का विचार करना और प्रार्थना करने का एक अच्छा मौका था।

जैसा कि आज मैं समाप्त करता हूँ मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंनें विभिन्न आयोजनों की योजना बनाई और उन्हें सरल बनाया। इन घटनाओं ने हमारी दुनिया को एक छोटी जगह बना दिया है और मेरी आत्मा को भर दिया। मैं वास्तव में हमारे मरियानिष्ट परिवार का हिस्सा बनकर धन्य महसूस करती हूँ।







## अभिलेख 2: विद्यालय छोड़ना............

पिछले जून में मैंने सेंट लॉरेंस कॉलेज, डबलिन में रहते हुए माता–पिता और अयाजक मरियानिष्ट के रूप में अपना समय समाप्त किया, साथ ही मेरे बेटे नील ने माध्यमिक विद्यालय(हाई स्कूल) में अपने छह साल पूरे किए। पिछले चार वर्षों से मैं प्रबंधन समिति में माता–पिता के दो प्रतिनिधियों में से एक हूँ। समिति में होना बहुत दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और कई बार कड़ी मेहनत वाला रहा है। मैंने हमेशा महसूस किया है कि मेरी दोहरी भूमिका रही है, एक माता–पिता की और दूसरी अयाजक मरियानिष्ट की, विशेष रूप से उस समय जब पिछले कुछ वर्षों में स्कूल एक काथलिक संस्था में शामिल हुआ था, इसलिए यह अब उनके प्रायोजन के अधीन है, इसलिए हमारे लिए मरियानिष्ट प्रकृति और सेवा का झंडा फहराना और भी महत्वपूर्ण है, जो हमेशा मरियानिष्ट की शिक्षा की विशेषताओं को शामिल करता है। एक मरियानिष्ट स्कूल होने के नाते सेंट लॉरेंस को हमेशा एक विशेष स्थान बना देता है।

